आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 04.04.2025 समय : 02.10PM

प्रधानमंत्री-थाइलैंड

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि बिम्स्टेक दुनिया की बेहतरी का महत्वपूर्ण मंच है और इसे मजबूत किए जाने की जरूरत है। थाईलैंड के बैंकॉक में छठे बिम्स्टेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने सहयोग से जुड़ी 21 सूत्री कार्य योजना प्रस्तावित की। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि बिम्स्टेक देशों के बीच व्यापार बढ़ना चाहिए। श्री मोदी ने बिम्स्टेक वाणिज्य संघ की स्थापना और प्रतिवर्ष बिम्स्टेक व्यापार शिखर सम्मेलन के आयोजन की भी घोषणा की। उन्होंने बिम्स्टेक क्षेत्र में स्थानीय मुद्रा में व्यापार की संभावनाओं का पता लगाने के लिए व्यावहारिकता अध्ययन का भी प्रस्ताव किया। प्रधानमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी की अपार संभावनाओं का लाभ लेने और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बिम्स्टेक को और मजबूत करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन से अलग बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनुस के साथ भी मुलाकात की।

सम्मेलन के बाद प्रधानमंत्री दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में आज श्रीलंका जाएंगे। श्रीलंका की तीन दिन की सरकारी यात्रा के दौरान श्री मोदी राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

प्रधानमंत्री-वक्फ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संसद के दोनों सदनों से वक्फ संशोधन विधेयक और मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक पारित होना सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक अवसर है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि संसद से विधेयक पारित होने से पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों का हित सुरक्षित होगा। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य अधिक सुदृढ़ और समावेशी भारत का निर्माण करना है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार प्रत्येक नागरिक की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

जल गंगा संवर्धन

प्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 30 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेगा। इस दौरान शिवपुरी जिले में विभिन्न स्थानों पर जल संरक्षण और संवर्धन के प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों से अपील की जा रही है कि वह प्राचीन तालाबों व जल संरचनाओं को संरक्षित करने के लिए आगे आएं। उधर आगरमालवा जिले की ग्राम पंचायत हिरणखेड़ी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा कल गांव में जनसहयोग से नाली व गांव की साफ-सफाई की गई। धार जिले में जल गंगा जल संवर्धन अभियान के संचालन के लिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में बैठक का

आयोजन किया गया।

मनोज कुमार निधन

जानेमाने अभिनेता और निर्देशक मनोज कुमार का आज सुबह मुंबई में निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे। अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए वे 'भारत कुमार' के नाम से भी प्रसिद्ध थे। दशकों तक भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें प्रतिष्ठित पद्मश्री और दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। मनोज कुमार ने फिल्म जगत को उपकार, पूरब और पश्चिम और क्रांति जैसी क्लासिक फिल्में दीं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने श्री कुमार के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि उन्होंने अपनी फिल्मों के द्वारा देश की जड़ों से जुड़ने का सार्थक प्रयास किया। उन्होंने न केवल देश के शहीदों का प्रभावशाली चित्रण किया, बल्कि निर्माता, निर्देशक और अभिनेता के रूप में भी सिनेमा में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

संक्षिप्त समाचार

- नर्मदापुरम जिले में रोजगार कार्यालय द्वारा युवा संगम रोजगार और स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 9 अप्रैल को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

- जबलपुर में कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर एडिशनल एसपी ट्रैफिक और आरटीओ सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।
- संस्कृति विभाग द्वारा इस वर्ष भी पन्ना में श्री रामनवमी पर प्राकट्य पर्व का आयोजन किया जाएगा।
- भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर संचालित की जा रही दरवेश बर्तन भंडार में नापतोल विभाग ने छापा मार कर्रवाई कर तोल में हो रही गड़बड़ी का खुलासा किया है।